

# डूब क्षेत्र में श्मशान, दूसरी जगह भूमि की मांग

## मुकरबा श्मशान घाट का मामला, लोगों ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**बेगमगंज, 29 अक्टूबर. बेगमगंज नगर के वार्ड क्रमांक 2 मुकरबा मोहल्ला स्थित रहवासियों ने वहां के श्मशान घाट भूमि बीना नदी डेम के डूब क्षेत्र में आने से चिंता व्यक्त करते हुए एसडीएम के नाम एक ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार शुक्ला को देकर सरकार से श्मशान घाट के लिए अन्यंत्र भूमि आवंटित किए जाने की मांग की है.**



वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जफर शाह के नेतृत्व में मुकरबा निवासी भगीरथ कुशवाहा, तीरथ सिंह, अतुल साहू, शंकर लाल, मनोहर कुशवाहा, जमुना प्रसाद, रवि कुमार, रामकिशन, सुनील कुशवाहा, नत्थूसिंह, रूपसिंह, मुन्नालाल कुशवाहा, हेमराज, अभिषेक, विन्देश, दीपक सेन, आशाराम, सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार, दीपक कुशवाहा, नंदलाल, संजय सेन इत्यादि सहित करीब दो सौ हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन देकर मांग की है कि बीना परियोजना बांध बनने से उनके क्षेत्र के श्मशान घाट की भूमि डूब जाने से उन्हें अंतिम संस्कार करने में परेशानी उठाना पड़ रही है,

> क्योंकि भोपाल रोड स्थित श्मशान घाट जहां से डेढ़ किमी दूर पड़ता है, जिसके कारण शवयात्रा ले जाने में दो घण्टे लगने के साथ उसमें शामिल लोगों को ज्यादा परेशानी उठाना पड़ रही है. यदि पास में दूसरा श्मशान घाट बन जाता है तो परेशानी खत्म हो जाएगी. ज्ञापनदाताओं ने निकट में ही दूसरे श्मशान घाट के लिए शासकीय भूमि आवंटित किए जाने की पुरजोर मांग की है.

# तुलसीपार में हुई अहिरवार समाज की बैठक

## नर्वदी अहिरवार बनी ग्राम अध्यक्ष

**सिलवानी, 29 अक्टूबर. अहिरवार समाज संघ की बैठक का आयोजन ग्राम तुलसीपुर में नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ सिलवानी तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अहिरवार के निवास पर किया गया. बैठक संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश प्रभारी हनुमत सिंह बौद्ध के मुख्य आतिथ्य में हुई.**

बैठक में विशेष रूप से युवा प्रकोष्ठ रायसेन जिला अध्यक्ष मनोज कुमार अहिरवार नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ सिलवानी तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अहिरवार तथा समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि समाज के शिक्षित एवं सक्षम वर्ग की जिम्मेदारी है हम मानव हैं तो हमारे अंदर मानवता होना चाहिए जिसमें पर्यावरण संतुलन तथा समाज में बढ़ रहे अत्याचारों को रोकना नशा जैसी सामाजिक बुराई को बंद करना विभिन्न सामाजिक कुरीतियों पर पाबंदी लगाना मुख्य है. बैठक के अंत में ग्राम तुलसीपार में सर्वसम्मति से नर्वदी अहिरवार को ग्राम अध्यक्ष बनाया गया.



> बधाई देने वालों में प्रांतीय संगठक एम एल बघेल, जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार अहिरवार, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गीता बघेल, जिला संगठक हेमराज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष जगदीश ठेकेदार, जिला संयुक्त सचिव रघुवीर सिंह अहिरवार, मोतीलाल जिझोतीया, मीडिया प्रभारी प्रदीप मांढरे, शंकर लाल अहिरवार, नारायण सिंह अहिरवार ने बधाई दी.



# बेगमगंज रोजगार सहायक संघ का गठन

## राजेन्द्र सिंह यादव अध्यक्ष, प्रदीप गौर बने उपाध्यक्ष

**बेगमगंज, 29 अक्टूबर. जनपद पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक सचिव संघ का गठन बुधवार को रोजगार सहायक सचिव संघ के तत्कालीन अध्यक्ष सुल्तान सिंह लोधी की अध्यक्षता में हुआ.**

55 रोजगार सहायक सचिवों ने अपनी नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव पापड़ा, उपाध्यक्ष प्रदीप गौर मवई, कोषाध्यक्ष रामकुमार शर्मा पन्दरभटा एवं सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा चांदबढ़ को चुना गया है. कार्यकारिणी में सभी सदस्यों का समावेश रहेगा. निर्वाचित पदाधिकारियों का साथी सदस्यों द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत कर मिष्ठान वितरण किया गया.

## बीएचईएल इंटर यूनिट एथलेटिक्स टूर्नामेंट शुरू

**भोपाल.** बीएचईएल इंटर यूनिट एथलेटिक्स टूर्नामेंट 2025 का बुधवार को बीएचईएल, भोपाल स्पोर्ट्स क्लब में उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन बीएचईएल भोपाल के महाप्रबंधक एवं प्रमुख पी.के. उपाध्याय ने बीएचईएल ध्वज फहराकर किया. इस अवसर पर विपुल अग्रवाल, महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष, बीएचईएल स्पोर्ट्स अथॉरिटी, गौतम मजूमदार, महाप्रबंधक, आर.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक, एस.के. महाजन, महाप्रबंधक, रूपेश तैलंग, तथा टी.यू. सिंह, महाप्रबंधक उपस्थित रहे. दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में बीएचईएल की नौ इकाइयों- जगदीशपुर, भोपाल और झांसी की टीमें भाग ले रही हैं.

# नाबालिग लड़कियों की शादी करना अपराध

## ग्राम भरतीपुर में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को दी समझाइश

**सलामतपुर, 29 अक्टूबर. सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शाहपुर पंचायत के ग्राम भरतीपुर में किशोरी जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान थाना सलामतपुर प्रभारी दिनेश रघुवंशी अपनी टीम के साथ ग्राम पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद किया.**

कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने उपस्थित महिलाओं, किशोरियों और ग्रामीणों को बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र में बालिकाओं की शादी करना एक दंडनीय अपराध है. चाहे शादी लड़की के परिजन करवाएं या लड़की स्वयं सहमति दे, दोनों ही स्थितियों में यह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है. उन्होंने ग्रामीणों को ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी. थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और बैंक से संबंधित जानकारी किसी को भी साझा न करें.



> कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि भमानी, सरपंच मोहनकिशोर सचिव सीताराम सहायक सचिव दिनेश एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, किशोरियां और पुरुष उपस्थित रहे. सभी ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गांव में जागरूकता और सुरक्षा के प्रति समझ बढ़ती है.

# पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रालियों में लगाईं रेडियम पटि्टयाँ

**सलामतपुर, 29 अक्टूबर.जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है. पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे के निर्देशन में बुधवार दोपहर सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कृषि उपज मंडी सलामतपुर में पहुंचकर किसानों की ट्रालियों में रेडियम पट्टियाँ लगाईं.**

थाना प्रभारी ने बताया कि रात में सड़क पर चलती ट्रॉलियाँ स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देतीं, जिसके कारण अन्य वाहन उनसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं. ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए





पुलिस द्वारा ट्रालियों के पीछे रेडियम पट्टी लगाई जा रही है, ताकि वाहन चालकों को दूर से ही संकेत मिल सके कि आगे ट्रैक्टर-ट्रॉली चल रही है. पुलिस टीम ने मौके पर किसानों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया. इस पहल की स्थानीय किसानों ने सराहना करते हुए कहा कि इससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी.

# महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा 5 नवंबर से

## खेड़ापति शक्तिधाम में होगा आयोजन, तैयारी जारी

**बाड़ी, 29 अक्टूबर. खेड़ापति शक्ति धाम में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं भजन संध्या के बड़े आयोजन की तैयारी जारी है. कार्यक्रम संचालक, मां खेड़ापति सेवक पं. संजय शर्मा संस्थापक श्री ऋषि शांडिल्य वेद विद्यापीठ श्री रेवा निकुंज संस्थान द्वारा इस आयोजन की तैयारी की गई है.**

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो 5 नवंबर सुबह 9 बजे भूजी के मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल खेड़ापति मंदिर पहुंचेगी. श्रीमद् भागवत कथा 6 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित होगी. कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा एवं 12 नवंबर को कथा समापन एवं पूर्णाहुति के बाद नगर भंडारे का आयोजन भी किया गया है. श्रीमद् भागवत कथावाचक पं. प्रीतमानंद महाराज आश्रम अखंडानंद मोतीझील श्रीधाम वृंदावन, यज्ञ आचार्य पं. शुभम शर्मा संस्कृत व्याकरण ग्वालियर, पं. श्याम शर्मा, पं. विजय नारायण, पं. संदीप वशिष्ठ रहेंगे. बुंदेली गायक जयसिंह राजा (ललितपुर) 9 नवंबर को भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति देंगे.



## दादाजी धाम मंदिर में किया भगवान कृष्ण का पूजन

**भोपाल.** राजधानी के रायसेन रोड पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर पंडित जी द्वारा सभी भक्तों से भगवान श्री कृष्ण और राधा जी की पूजन कराई गई. पौराणिक मान्यता अनुसार इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने गाय चराना शुरू किया था. यह पर्व गायों की सेवा और पूजा के लिए समर्पित है, जिसे मनाने से सुख-समृद्धि, शांति और सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है. इस दिन गायों को सजाने, उनकी परिक्रमा करने और उन्हें चारा खिलाने का विशेष महत्व है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन गायों की पूजा और सेवा करने से सभी संकट दूर होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं.



# 31 अक्टूबर को बाबा श्याम को लगेगा छप्पन भोग

**सिलवानी, 29 अक्टूबर. सिलवानी नगर में 31 अक्टूबर की रात्रि को बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक दरबार आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी तथा बाबा श्याम को छप्पन भोग अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया जाएगा.**

आतिशबाजी और दिव्य ज्योत के माध्यम से कार्यक्रम का समापन होगा. कार्यक्रम में कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से सुप्रसिद्ध भजन गायिका एवं कथावाचक जानवी शर्मा अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगी. उनके साथ जबलपुर से भजन गायिका यशी चौरसिया और बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से भास्कर पुरोहित भी अपने भजनों से भक्तों को भावविभोर करेंगे.

> भक्तों के लिए यह दरबार भक्ति और आनंद से ओतप्रोत रहेगा, जहां बाबा श्याम की महिमा के संग भजन, कीर्तन और श्रद्धा का माहौल छा जाएगा. आयोजकों ने नगरवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है.

# घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जला

## ग्राम कोहनियां के पीड़ित ने की मुआवजे की मांग



**बेगमगंज, 29 अक्टूबर. बीती मंगलवार की रात ग्राम कोहनियां में एक व्यक्ति के घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जिस पर बमुश्किल बुझाया गया, अन्यथा अनहोनी हो सकती थी. गनीमत रही कि पीड़ित को आर्थिक क्षति पहुंची है.**

सूत्रों के अनुसार मंगलवार रात करीब 10 बजे कोहनियां गांव में दिलीप सिंह सोलंकी के घर में अचानक शार्टसर्किट से आग लग गई. जो धीरे - धीरे फैलकर कमरे की अलमारी में रखे नगद 24 हजार रुपए, 8 हजार कीमत का एक कूलर, 5 हजार के कपड़े एवं गृहस्थी की अन्य सामग्री 3 हजार करीब 40 हजार का सामान जलकर खाक हो गया. परिजनों एवं पड़ोसियों की मदद से बामुश्किल आग पर काबू पाया गया. पीड़ित दिलीप सिंह सोलंकी ने थाना प्रभारी एवं तहसीलदार को आवेदन देकर उचित कार्रवाई के साथ मुआवजा दिए जाने की मांग की है.

# गोपाष्टमी पर गायों का पूजन कर गोपालकों का सम्मान

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** सेवा संकल्प युवा संगठन के द्वारा आज कार्तिक शुक्ल अष्टमी तिथि गोपाष्टमी पर गोशालाओं में संगठन के युवाओं ने बछड़े एवं गायों को रोली, चन्दन से तिलक कर मंत्रोच्चार से पूजन आरती कर हरा चारा एवं गुड़ का भोग अर्पण किया, संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि गोपाष्टमी पर भगवान कृष्ण के साथ गायों एवं गोपालों की पूजन का महत्व है. एम.पी नगर स्थित गायत्री मंदिर एवं मैदामिल की गोशालाओं में संगठन के युवाओं ने गायों की पूजन कर गोशाला के सभी गोपालों का सम्मान कर मिष्ठान वितरित किया, गोपाष्टमी पर ही श्रीकृष्ण पहली बार गाय चराने गए थे.

# बस खड़े ट्रक से टकराई 12 यात्री घायल, कई गंभीर

- भोपाल से सिलवानी जा रही थी बस
- माना ढाबे के पास हुआ हादसा

**रायसेन, 29 अक्टूबर. भोपाल से सिलवानी जा रही तेज रफ्तार यात्री बस मंगलवार शाम ग्राम कुसियारी के पास माना ढाबे के समीप खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी. हादसे में 12 यात्री घायल हो गए. इनमें कई की हालत गंभीर है. घटना के तुरंत बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी.**

सभी घायलों को जिला अस्पताल रायसेन भेजा गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की रफ्तार बहुत तेज थी. इसी लापरवाही के कारण हादसा हुआ. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे के बाद बस और ट्रक के चालक मौके से फरार हो गए. सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे. स्थिति का जायजा लिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बस हादसे में घायल बलवंत लोधी ने बताया कि ड्राइवर बहुत तेजी से बस चला रहा था. उसने सामने खड़े एक ट्रक में ले जाकर बस को घुसा दिया, जिससे मेरा पैर टूट गया है. बस में बैठे लोग घायल हुए हैं.

**आयोजन** ▶ सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

# परिवार ही जीवन निर्माण का केंद्र : डॉ. मधुश्री साव

**सिलवानी, 29 अक्टूबर. वीर शिवाजी शिक्षण समिति सिलवानी द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान एवं सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यभारत प्रान्त की योजनानुसार संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता विद्या भारती की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. मधुश्री साव, विशिष्ट अतिथि म.प्र. शासन की उपपंजीयक अधिकारी स्मिता खांडेकर शर्मा, प्रान्त संयोजिका सप्तशक्ति संगम नीता गोस्वामी, थाना प्रभारी पूनम सविता तथा विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं म.प्र. लोक सेवा आयोग में चयनित सपना रघुवंशी द्वारा माँ सरस्वती, ब्रह्म अक्षर '?' एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया.

नारी चेतना, शक्ति और सृजन की प्रतीक

कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए नीता गोस्वामी ने कहा कि नारी मात्र व्यक्ति नहीं, अपितु एक संपूर्ण चेतना है जो परिवार की आधारशिला, समाज की प्रेरणा और राष्ट्र की आत्मा है. उन्होंने कहा कि नारी की करुणा, सहनशीलता, धैर्य, सेवा भावना और बुद्धिमत्ता ऐसे गुण हैं जो संकट के समय समाज और राष्ट्र को दिशा प्रदान करते हैं. उन्होंने गार्गी, मैत्रेयी, अनसूया जैसी प्राचीन भारतीय विदुषियों का उदाहरण देते हुए मातृशक्ति के गौरव का स्मरण कराया. मुख्य वक्ता डॉ. मधुश्री साव ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि विषय पर माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार मनुष्य विकास की मूल इकाई तथा जीवन निर्माण का केंद्र है. भौतिक विकास के साथ-साथ जीवन मूल्यों का संस्कार परिवार से ही संभव है. उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में जल संरक्षण, वृक्ष पूजन और पर्यावरण संरक्षण को पुण्य कार्य माना गया है. व्रत एवं त्योहारों पर बट, पीपल, तुलसी, आंवला आदि वृक्षों की पूजा भारतीय संस्कृति में प्रकृति सम्मान का प्रतीक है.

> कार्यक्रम के दौरान सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाली माताओं को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम संयोजिका नीतू विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर सह संयोजक सुशीला सराठे, ज्योति श्रीवास्तव, वंदना यादव, वीर शिवाजी शिक्षण समिति के सदस्य एवं विद्यालय का समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा.

### नारी तू नारायणी : स्मिता खांडेकर शर्मा

स्मिता खांडेकर शर्मा ने कहा कि नारी पालन करने वाली भी है और आवश्यकता पड़ने पर संहार करने की सामर्थ्य भी रखती है. उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में स्त्री-पुरुष समान हैं, प्राचीन काल में महिलाएं वेद का अध्ययन करती थीं, कोई भेदभाव नहीं था. आज पुन: भारत राष्ट्र वैभव की ओर अग्रसर है, और इस दिशा में माता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है.